रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन) 04/0007/2003—19 REGISTERED No. DL—(N) 04/0007/2003—19

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 24] नई दिल्ली, शनिवार, जून 15—जून 21, 2019 (जयेष्ठ 25, 1941)

No. 24] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 15—JUNE 21, 2019 (JYAISTHA 25, 1941)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	377
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	657
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	3
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1367
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	1225
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	113
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	995
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	377
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	657
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1367
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1225
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	113
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	995
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2019

सं. 93-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2019 के अवसर पर निम्नलिखित अफसर को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

महानिरीक्षक परमेश शिवमनी, तटरक्षक पदक (0244-डी)

2. विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 4(iv) के तहत राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान किया जाता है ।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 94-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2019 के अवसर पर, कमांडेंट (जे जी) मड्डालि वेंकट नागा अभिषेक राव (0647-एस) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट (जेजी) मड्डालि वेंकट नागा अभिषेक राव (0647-एस) ने 27 जून, 2005 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की ।

2. कमांडेंट (जेजी) एम वी एन अभिषेक राव (0647-एस) एक योग्य चेतक हेलीकॉप्टर पायलट हैं, जो वर्तमान में कोची चेतक फ्लाइट के फ्लाइट कमांडर के रूप में नियुक्त हैं, जिन्हें 1200 घंटे की दुर्घटना मुक्त उड़ान भरने का श्रेय प्राप्त है। अफसर ने हाल ही में संचालित केरल बाढ़ राहत संक्रिया में असाधारण पेशेवराना कौशल, नि:स्वार्थ नेतृत्व और साहस का प्रदर्शन किया है।

3. अफसर 16 से 22 अगस्त, 2018 तक आयोजित "ऑपरेशन राहत" नामक केरल बाढ़ राहत संक्रिया में सक्रिय थे। संक्रिया के दौरान, उन्होंने खराब मौसम एवं दुर्गम इलाके में कुल 18 घंटे 40 मिनट तक उड़ान भरी। वायुयान के कैप्टन के रूप में, उन्होंने ग्राऊंड टीमों की पहुंच से बाहर निर्जन क्षेत्रों में फंसे हुए 20 असहाय व्यक्तियों का जीवन बचाया। प्रत्येक बचाव मिशन खतरे से भरा हुआ था क्योंकि इन्हें खराब मौसम में बड़ी संख्या में लंबे ताड़ के पेडों, ऊंची इमारतों, उच्च वोल्ट के तारों एवं मोबाईल टॉवरों से सटे क्षेत्रों में संचालित किया गया। ऐसी परिस्थितियों में लगातार उड़ान भरने के लिए उच्च क्षमता के उड़ान कौशल के अलावा सेवा के प्रति नि:स्वार्थता, साहस और परम श्रद्धा अपेक्षित है। अफसर ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उत्तरजीविता की सभी उम्मीदों को खो चुके असहाय एवं हताश व्यक्तियों का बचाव किया।

4. उन्होंने विभिन्न बचाव आश्रयों तक हवाई उड़ान द्वारा सफलतापूर्वक राहत सामग्रियों की आपूर्ति की और घरों की छतों पर खाने के पैकेट गिराए, जहाँ लोग फंसे हुए थे। राहत संक्रियाओं में अथक एवं कौशलपूर्ण प्रयास के साथ अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अफसर ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया, जो निश्चित ही सराहनीय है।

5. कमांडेंट (जेजी) मड्डालि वेंकट नागा अभिषेक राव (0647-एस) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरुप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 95-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2019 के अवसर पर पिंकू राणा, अधिकारी (आर), 04783-डब्ल्यू को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

पिंकू राणा, अधिकारी (आर), 04783-डब्ल्यू ने 29 जुलाई, 2002 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की।

2. पिंकू राणा केरल में आयी बाढ़ के दौरान तटरक्षक बचाव दल-17 के प्रभारी अधीनस्थ अधिकारी (एसओ) थे जिन्होंने 16 से 20 अगस्त, 2018 तक बचाव/राहत कार्य किया।

3. 16 अगस्त, 2018 को बचाव संक्रिया संचालित करने के लिए कडुंगलूर जाते समय लगभग 1500 बजे, जेमिनी नौका का आउटबोर्ड मोटर खराब हो गया। तेज प्रवाह के कारण, पतवार का प्रयोग करके नौवहन करना असंभव था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, पिंकू राणा निडरता से 15 फीट गहरे उफनते समुद्र में कूद गए और आंशिक रूप से डूबी संरचनाओं में रस्सी को बांधा। तत्पश्चात, जैमिनी को खींचकर वे उस स्थान पर ले गये, जहां 36 बूढ़ी महिलाएं एवं बच्चे फंसे हुए थे इस दौरान उन्होंने बड़ी बहादुरी से 1.5 किलोमीटर तक समुद्र में तैराकी की। इसी प्रक्रिया को पुन: दोहराते हुए, उन्होंने बड़ी ही निर्भीकता से स्वयं को पूरे समय खतरों में डालते हुए कई फेरों में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया।

4. 17 अगस्त, 2018 को उनके साहसी पहल एवं दृढ़ संकल्प के परिणामस्वरूप मूथकुन्नाम में फंसे हुए 56 व्यक्तियों का बचाव किया जा सका। पुनः 18 अगस्त, 2018 को लगभग 1430 बजे, उन्हें मुझिरिस ऑडिटोरियम पारूर में अनेकों व्यक्तियों के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई। पिंकू राणा ने अथक परिश्रम से कई फेरों में विभिन्न स्थानों में फंसे हुए ऐसे 84 असहाय व्यक्तियों का बचाव किया। कार्य पूर्ण करने के पश्चात, बाढ़ग्रस्त सरकारी अस्पताल से एक गंभीर रूप से बीमार दिव्यांग रोगी के त्वरित निष्क्रमण संबंधी अनुरोध प्राप्त हुआ। अधीनस्थ अधिकारी ने वीरता के साथ बड़ी मेहनत से छाती तक जलमग्न क्षेत्र को पार किया, अपने रचनात्मक कौशल से तैरने वाला स्ट्रेचर तैयार किया और रोगी को सुरक्षा पूर्वक निष्क्रमित करते हुए जेमिनी तक और बाद में एंबुलेंस तक पहुँचाया।

5. पूरी संक्रिया के दौरान अपनी बहादुरी से भरे कार्यों को निरंतर करने के साथ-साथ असाधारण, सुसंगठन क्षमता एवं नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने 176 बहुमूल्य जीवनों की रक्षा की, जिसके लिए अधीनस्थ अधिकारी उक्त सम्मान के पात्र हैं।

6. पिंकू राणा, अधिकारी (आर), 04783-डब्ल्यू ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरुप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

7. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 96-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2019 के अवसर पर, अंकित कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए), 06173-एल को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

अंकित कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए), (06173-एल) ने 28 जुलाई, 2008 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की ।

2. 15 अगस्त, 2018 को लगभग 1500 बजे, तटरक्षक जिला मुख्यालय सं. 4 (सीजीडीएचक्यू 4) कोची ने केरल में बाढ़ राहत कार्यों के लिए पोत को एक बचाव दल के गठन संबंधी निर्देश जारी किया। अंकित कुमार ने स्वेच्छा से 10 अन्य कार्मिकों के साथ बचाव दल के सदस्य के रूप में भाग लिया। बचाव दल की चेंगन्नूर में तैनाती की गई थी, जो बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र था। भर्ती

कार्मिकों की टीम को बी. एस. एन. एल. क्षेत्र के पास 50 से अधिक फंसे हुए व्यक्तियों को उनके घरों से निकालने का कार्य सौंपा गया। उफनती पम्पा नदी के तेज बहाव के कारण बचाव कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो गया था। इसके अलावा इलाके की खुफिया जानकारी एवं रास्ते में व्यवधानों की जानकारी नहीं होने से और गंदे पानी में शून्य दृश्यता के कारण, फंसे हुए व्यक्तियों तक पहुँचना अत्यंत जोखिम पूर्ण था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह नहीं की और स्वेच्छा से बाढ़ग्रस्त इलाके में तैरते हुए उस पार गए।

3. भर्ती कार्मिक ने 300 मीटर तैरकर 20 मिमी रस्सी के एक छोर को बाढ़ग्रस्त घरों के पास एक बिजली के खंबे में बांध दिया। यह बचाव संक्रिया दो घंटे से अधिक समय तक चली, जहाँ भर्ती कार्मिक ने परिश्रम कर अपनी पीठ पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को लेकर प्राणरक्षी नौका पर पहुँचाया। हालांकि भारी थकान के बावजूद, उन्होंने राहत कार्यों के प्रयासों को रुकने नहीं दिया जब तक कि अंतिम व्यक्ति को बचा नहीं लिया गया। परिस्थितियों की मांग के अनुरूप उन्होंने असाधारण साहस और अडिग विश्वास का प्रदर्शन करते हुए अभियान का संचालन किया और उनके दल ने विषम मौसमी दशाओं के बावजूद, अमानचित्रित एवं अज्ञात जलमग्न अवरोधों के खतरे के बीच 50 से भी अधिक लोगों का बचाव किया।

4. भर्ती कार्मिक द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, नि:स्वार्थ प्रतिबद्धता और उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्प की भावना के परिणामस्वरूप 50 से अधिक व्यक्तियों की जान बचायी गयी। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और बहादुरी एवं कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उच्चतम स्तर की है।

5. अंकित कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए), 06173-एल ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरुप इन्हें राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 97-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2019 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक सहर्ष प्रदान करते हैं-

(i) उपमहानिरीक्षक होमेश कुमार शर्मा (5017-सी)

(ii) कमांडेंट भीम सिंह कोठारी (0331-सी)

(iii) कमांडेंट चर्तुवैदुला विवेकानन्द (0388-ई)

2. सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11 (ii) के तहत तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है ।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 1 मई 2019

सं. एफ-9-49/2001-यू.3-(ए) भाग-1—जबकि, केंद्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर अपनी दिनांक 16.02.2004 की अधिसूचना संख्या 9-49/2001-यू.3 के जरिए कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी), भुवनेश्वर, ओडिशा को पांच वर्ष की अनंतिम अवधि के लिए सम-विश्वविद्यालय घोषित किया था।

3. और जबकि, यूजीसी की विशेषज्ञ समिति ने कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान, के कार्यकरण की समीक्षा की थी। केन्द्र सरकार ने यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की सलाह पर विचार करते हुए दिनांक 31 मार्च, 2017 की अधिसूचना संख्या 9-49/2001-यू.3 (क) भाग 1 के अनुसार कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा का सम-विश्वविद्यालय का दर्जा 16.02.2009 से 15.02.2014 तक कुछ शर्तों के साथ बढ़ा दिया था। और इसके अतिरिक्त, जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यूजीसी के परामर्श पर कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, ओडिशा के सम विश्वविद्यालय का दर्जा 16.02.2014 से 15.02.2019 तक दिनांक 17 मई, 2017 की अधिसूचना संख्या 9-49/2001-यू.3 (ए) भाग 1 के अनुसार इस शर्त के साथ बढ़ाया था कि संस्थान, यूजीसी की विशेषज्ञ समिति द्वारा बताए गए सुझावों/त्रुटियों में सुधार करेगा और और अपने संगम ज्ञापन/नियमों को यूजीसी के वर्तमान नियमों के अनुसार संशोधित करेगा।

4. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी ने संस्थान की अनुपालन रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद सूचित किया था कि मंत्रालय की दिनांक 17 मई, 2017 की अधिसूचना की शर्तों का अनुपालन संस्था द्वारा आंशिक रूप से किया गया था।

5. अब, इसलिए, यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार यूजीसी के परामर्श से एतद्द्वारा कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, ओडिशा को दिनांक 16.02.2019 से 30.06.2020 तक सम विश्वविद्यालय का दर्जा निम्नलिखित शर्तों के साथ बढ़ाती है:

I. संस्था अधिसूचना की शर्तों का पालन करेगी और इस अधिसूचना के जारी होने से 3 माह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

II. संस्थान, यूजीसी (समवत विश्वविद्यालय) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानकों के अनुसार अपने प्रदर्शन और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करेगी।

6. कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, ओडिशा द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व की अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जायेगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-2/2002-यू.3 (पार्ट-1)—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर अपनी दिनांक 20.10.2006 की अधिसूचना सं. 9-2/2002-यू.3 के माध्यम से कलासालिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णाकोएल, तमिलनाडु को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "समविश्वविद्यालय" घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी द्वारा उसकी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 28 से 29 अप्रैल, 2018 के दौरान कलासालिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णाकोएल, तमिलनाडु के कार्यपद्धति की समीक्षा की गई थी। यूजीसी विशेषज्ञ समिति की समीक्षा रिपोर्ट पर यूजीसी के परामर्श को ध्यान में रखते हुए, केन्द्र सरकार ने दिनांक 29 अक्टूबर, 2018 की अधिसूचना सं.9-2/2002-यू3 (भाग.1) के माध्याम से कलासालिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णाकोएल, तमिलनाडु के समवत विश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों के साथ 20.10.2011 से 30.06.2019 तक बढ़ा दिया था :

I. समवत विश्व विद्यालय इसके पश्चात यूजीसी के अनुमोदन के बिना कृषि, बागवानी और शिक्षा पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को दाखिला नहीं देगा।

II. समवत विश्वविद्यालय एक पृथक और विशेष सोसायटी/न्यास/कंपनी का सृजन करेगा और अपने पंजीकृत विलेख में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा कि उक्त सोसायटी/न्यास/कंपनी का गठन विशेषरूप से कलासालिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णाकोएल, तमिलनाडु के लिए किया गया है।

III. समवत विश्वविद्यालय प्रायोजक न्यास से अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट को अलग करेगा।

IV. सभी परिसंपत्तियां समवत विश्वविद्यालय के नाम पर होंगी।

V. समवत विश्वविद्यालय वर्तमान यूजीसी विनियमों अनुसार अपने संगम ज्ञापन/नियमावली में संशोधन करेगा।

VI. संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिये गए परामर्शों/विसंगतियों के संदर्भ में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

4. अब, इसलिए, केन्द्र सरकार यूजीसी के परामर्श और संस्था की अनुपालन रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा कलासालिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णाकोएल, तमिलनाडु के समवत विश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों के साथ 01.07.2019 से 15.11.2020 तक बढ़ाती है:—

i. समवत विश्वविद्यालय संस्था राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग कार्यढांचा (एनआईआरएफ)/राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की रैंकिंग/ग्रेडिंग में सुधार करेगी।

ii. संस्था यूजीसी (समवत विश्विवद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार अपने प्रदर्शन और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करेगी।

5. कलासालिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णाकोएल, तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व की अधिसूचना (ओं) साथ ही साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/विनियमों की सभी शर्तों का अनुपालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-9/2003-यू.3(ए) खंड.2—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था. को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह से अपनी दिनांक 28.05.2008 की अधिसूचना सं. 9-9/2003-यू.3 के जरिए ''जगतगुरू श्री शिवरथ्रीश्वरा विश्वविद्यालय (जेएसएसयू), मैसूर, कर्नाटक'', जिसमें (i) जेएसएस मेडिकल कॉलेज, मैसूर (ii) जेएसएस डेंटल कॉलेज, मैसूर, (iii) जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मैसूर और जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ऊटी (तमिलनाडु) शामिल हैं, को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "समविश्वविद्यालय" घोषित किया था। जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ऊटी को जेएसएसयू के ऑफ कैंपस के रूप में कार्य करने की अनुमति दी गई थी।

3. और यह भी जबकि, सिविल अपील सं.17869-17870/2017 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 03.11.2017 के आदेश के अनुसरण में केंद्र सरकार ने दिनांक 11 जनवरी, 2018 की अधिसूचना सं.9-9/2003-यू.3(ए) के मार्फत इस शर्त के साथ कि "जेएसएस उच्चतर शिक्षा तथा अनुसंधान अकादमी" अपने नाम में विश्वविद्यालय" शब्द का प्रयोग नहीं करेगा लेकिन इसके साथ कोष्ठक में "समविश्वविद्यालय" शब्द का उल्लेख कर सकता है, जगतगुरू श्री शिवरथ्रीश्वरा विश्वविद्यालय (जेएसएसयू), मैसूर, कर्नाटक" का नाम बदलकर "जेएसएस उच्चवतर शिक्षा तथा अनुसंधान अकादमी" कर दिया था।

4. और जब्कि, यूजीसी ने अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 5-7 जुलाई, 2017 के दौरान समविश्वविद्यालय के कार्यकरण की समीक्षा की थी। अब इसलिए, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह के साथ-साथ विशेषज्ञ समिति की समीक्षा रिपोर्ट पर विचार करते हुए "जेएसएस उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी", मैसूर, कर्नाटक को निम्नलिखित शर्तों के मध्य 28.05.2013 से 27.05.2019 तक सम-विश्वविद्यालय दर्जे का विस्तार किया था:

i. समविश्वविद्यालय संस्था, अपनी सोसाइटी, भूस्वामित्व, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नया नाम अर्थात "जेएसएस उच्चतर शिक्षा तथा अनुसंधान अकादमी" मैसूर, कर्नाटक रखेगा।

ii. सम-विश्वविद्यालय संस्था सभी पत्र शीर्षों, वेबसाइट और अपने सभी आगामी पत्राचारों में नए नाम को समाविष्ट करेगा।

iii. सम-विश्वविद्यालय संस्था नाम परिवर्तन के बाद यूजीसी (सम-विश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2016 के अनुसार सभी यथाआवश्यक परिवर्तन करेगी।

6. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार संस्था की अनुपालन रिपोर्ट पर यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए एतदद्वारा जेएसएस उच्चंतर शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी, मैसूर, कर्नाटक के

समविश्वविद्यालय दर्जे का 28.05.2019 से 15.08.2023 तक इस शर्त के साथ कि संस्था यूजीसी (समविश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2019 में उल्लिखित पैरामीटरों के आधार पर अपने कार्य-निष्पादन और अकादमिक परिणामों में सुधार करेगी, विस्तार करती है।

7. इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/विनियमों का जेएसएस उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, मैसूर, कर्नाटक द्वारा अनुपालन जारी रखा जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-19/2005-यू.3(पार्ट.1)—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को समविश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केंद्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 21.08.2007 की अधिसूचना संख्या 9-19/2005-यू.3 के जरिए यूजीसी की सलाह पर अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु को इसके संबंधन विश्वविद्यालय से संस्था की सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए नए सिरे से श्रेणी के तहत समविशि्वद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी द्वारा इसकी विशेषज्ञ समिति की मदद से 31 जनवरी से 2 फरवरी, 2018 के दौरान अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। समीक्षा रिपोर्ट और उस पर यूजीसी के परामर्श पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार दिनांक 8 जून, 2018 की अधिसूचना संख्या 9-19/2005-यू.3(भाग.1) द्वारा इस शर्त पर कि संस्थान यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा उल्लिखित सुझावों/कमियों के संदर्भ में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)/राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) में अपनी रैंकिंग/ग्रेडिंग के माध्यम से अपने प्रदर्शन में सुधार करेगा, दिनांक 21.08.2012 से 30.06.2019 तक अकादमी ऑफ मैरीटइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु की समविश्वविद्यालय के दर्जे का विस्तार करती है।

4. अत: अब केंद्र सरकार यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा यूजीसी की सलाह पर अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 01.07.2019 से 15.11.2020 तक निम्नरलिखित शर्तों पर आगे बढ़ाती है:

i. समविश्वविद्यालय अपनी एनआईआरएफ/एनएएसी में अपनी रैंकिंग/ग्रेडिंग के जरिए अपने कार्य निष्पादन में सुधार करेगा।

ii. संस्थान यूजीसी (समविश्वविद्यालय संस्था) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानदंडों पर अपने प्रदर्शन और शैक्षिक परिणामों में सुधार करेगा।

5. अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य् सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का पालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-48/2006-यू.3(ए)(पार्ट.1)—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को समविश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केंद्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त् शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 04.08.2008 की अधिसूचना संख्या 9-48/2006-यू.3(ए) के जरिए यूजीसी की सलाह पर चेत्तीनाद अकादमी ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन (सीएआरई), पदुर केलाम्बक्कम, जिला कांचिपुरम, तमिलनाडु जिसमें (i) चेट्टीनाड हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान, पदुर, केलाम्बक्कम और (ii) चेट्टीनाड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पदुर केलाम्बाक्कंम शामिल है, को इसके संबंधन विश्वविद्यालय से संस्था की सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए नए सिरे से श्रेणी के तहत समविश्वद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और जबकि, यूजीसी द्वारा इसकी विशेषज्ञ समिति की मदद से 9-11 जनवरी, 2018 की चेत्तीनाद एकेडमी ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन, पुदुर, तमिलनाडु के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। उसकी विशेषज्ञ समिति का समीक्षा रिपोर्ट पर यूजीसी के परामर्श पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार ने दिनांक 8 जून, 2018 को अधिसूचना संख्या 9-48/2006-यू.3(ए)(भाग.1) द्वारा इस शर्त पर कि संस्थान यूजीसी विशेषज्ञ समिति और मानव संसाधन विकास मंत्रालय की समीक्षा समिति द्वारा उल्लिखित सुझावों/कमियों के संदर्भ में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, दिनांक 04.08.2013 से 30.06.2019 तक चेट्टीनाड अकादमी ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन, पदुर, तमिलनाडु के समविश्वविद्यालय के दर्जे की अवधि को बढ़ाया था।

4. अत: अब केंद्र सरकार यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा संस्थान की अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर यूजीसी की सलाह को ध्यान में रखते हुए चेट्टीनाड अकादमी ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन, पदुर, तमिलनाडु के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 01.07.2019 से 15.11.2020 तक निम्न्लिखित शर्तों पर आगे बढ़ाती है:

i. सम-विश्वविद्यालय संस्था अपनी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ)/राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) में अपनी रैंकिंग/ग्रेडिंग के जरिए अपने कार्य निष्पादन में सुधार करेगा।

ii. संस्था यूजीसी (समविश्वविद्यालय संस्था) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानदंडों पर अपने प्रदर्शन और शैक्षिक परिणामों में सुधार करेगा।

5. चेट्टीनाड अकादमी ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन, पदुर तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का पालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ.9-34/2007-यू.3 (ए)-भाग 1—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र् सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूजीसी की सलाह पर, अपनी दिनांक 22.07.2008 की अधिसूचना सं. 9-34/2007-यू.3 (ए) के जरिए ''क्राईस्ट कॉलेज (स्वायत्त), बंगलौर, कर्नाटक, को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "क्राईस्ट विश्वविद्यालय" के नाम तथा शैली में समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और यह भी जबकि, माननीय उच्चतम न्यायालय के सिविल अपील सं. 17869-17870/2017 में दिनांक 03.11.2017 के आदेश के अनुसार केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 11.01.2018 की अधिसूचना सं. 9-34/2007-यू.3(ए) के जरिए "क्राईस्ट विश्वविद्यालय" के नाम से "विश्वविद्यालय" शब्द का विलोपन करके इसका नाम बदलकर "क्राईस्ट" किया था बशर्ते कि "क्राईस्ट" अपने नाम में ''विश्वविद्यालय" शब्द का उपयोग नहीं करेगा लेकिन इसके आगे कोष्ठकों के भीतर "सम-विश्वविद्यालय" शब्दो का उल्लेख कर सकता है।

4. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की मदद से 14-16 दिसंबर, 2017 के दौरान क्राईस्ट, बंगलौर, कर्नाटक के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। अपनी विशेषज्ञ समिति की समीक्षा रिपोर्ट पर यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए, केन्द्र सरकार ने दिनांक 08 जून, 2018 की अधिसूचना संख्या 9-34/2007-यू3(ए) भाग-1 के जरिए 'क्राईस्ट', बंगलौर, कर्नाटक के सम-विश्वविद्यालय दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 22.07.2013 से 30.06.2019 तक बढ़ाया था:

i. समविश्वविद्यालय संस्था अपनी सोसायटी, भू-स्वामित्व, लेखों, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नए नाम अर्थात ''क्राईस्ट,'' के नाम में परिवर्तित करेगी।

ii. सम-विश्वविद्यालय संस्था, सभी लेटर हैड, वेबसाइट और अपने भावी पत्राचार में नए नाम को समाविष्ट करेगी।

iii. सम-विश्वविद्यालय संस्था, अपने संगम ज्ञापन/ नियमों में नए नाम को समाविष्ट करेगी।

iv. संस्था, यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

v. सम-विश्वविद्यालय संस्था, राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग कार्यढांचा (एनआईआरएफ) में अपनी रैंकिंग के माध्यम से अपने कार्य-निष्पादन में सुधार करेगी।

5. अतः, अब, केन्द्र सरकार एतदद्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संस्थान की अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर, यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए 'क्राईस्ट, बंगलौर, कर्नाटक के सम-विश्वविद्यालय दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 30.06.2019 से 01.12.2021 तक बढ़ाती हैः

i. सम-विश्वविद्यालय संस्थान एनआईआरएफ/एनएएसी में अपने रैंकिंग/ग्रेडिंग में सुधार करेगा।

ii. संस्थान यूजीसी (सम-विश्वविद्यालय संस्था) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानको पर अपने कार्य निष्पादन और अकादमिक परिणामों में सुधार करेगा।

6. ''क्राईस्ट, बंगलौर, कर्नाटक द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्य् शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य् सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-37/2007-यू-3(ए)-खंड 2—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूजीसी की सलाह पर, अपनी दिनांक 29.02.2008 की अधिसूचना सं. 9-37/2007-यू.3 (ए) के जरिए 'श्री बी एम पाटील मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, बीजापुर, कर्नाटक, को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "बीएलडीई विश्वविद्यालय" के नाम तथा शैली में समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और जबकि, माननीय उच्चततम न्यायालय की सिविल अपील सं. 17869-17870/2017 में दिनांक 03.11.2017 के आदेश के अनुसार केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 11.01.2018 की अधिसूचना सं. 9-37/2007-यू.3(ए) के जरिए "बीएलडीई विश्वविद्यालय" के नाम से "विश्वविद्यालय" शब्द का विलोपन करके इसका नाम बदलकर "बीएलडीई" किया था बशर्ते कि "बीएलडीई" अपने नाम में ''विश्वविद्यालय" शब्द का उपयोग नहीं करेगा लेकिन इसके आगे कोष्ठकों के भीतर "समविश्वविद्यालय" शब्द का उल्लेख कर सकता है।

4. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की मदद से 22-24 सितंबर, 2017 के दौरान बीएलडीई, बीजापुर, कर्नाटक के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। यूजीसी विशेषज्ञ समिति की समीक्षा रिपोर्ट और यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए, केन्द्र सरकार ने दिनांक 08 जून, 2018 को अधिसूचना संख्या 9-37/2007यू3(ए) खंड -2 के जरिए 'बीएलडीई, बीजापुर', कर्नाटक के सम-विश्वविद्यालय दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 29.02.2013 से 30.06.2019 तक बढ़ाया था:

i. समविश्वविद्यालय संस्था अपनी सोसायटी, स्वामित्व, लेखों, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नए नाम अर्थात "बीएलडीई" के नाम में परिवर्तित करेगी।

ii. समविश्वविद्यालय संस्था, सभी लेटर हैड, वेबसाइट और अपने भावी पत्राचार में नए नाम को समाविष्ट करेगी।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था, अपने संगम ज्ञापन/नियमों में नए नाम को समाविष्ट करेगी।

iv. संस्था, यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

v. समविश्वविद्यालय संस्था, राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग कार्यढांचा (एनआईआरएफ)/राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) में अपनी रैंकिंग/ग्रेडिंग के माध्यम से अपने कार्य-निष्पादन में सुधार करेगी।

5. अतः अब, केन्द्र सरकार एतदद्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संस्थान की अनुपालन रिपोर्ट पर यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए 'बीएलडीई', बीजापुर, कर्नाटक के सम-विश्वविद्यालय दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 01.07.2019 से 15.11.2020 तक बढ़ाती हैः

i. समविश्वविद्यालय संस्थान एनआईआरएफ/एनएएसी में अपने रैंकिंग/ग्रेडिंग में सुधार करेगा।

ii. संस्थान यूजीसी (सम-विश्वविद्यालय संस्था) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानको पर अपने कार्य निष्पादन और अकादमिक परिणामों में सुधार करेगा।

6. "बीएलडीई", बीजापुर, कर्नाटक द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्यी शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-6/2008-यू.3(ए)भाग-1—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को समविश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केंद्र सरकार ने अपनी दिनांक 02.02.2009 की अधिसूचना संख्या 9-6/2008-यू.3(ए) द्वारा प्रदत्तं शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूजीसी के परामर्श पर गुरूकूल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान में स्थित इंटरनेशनल कालेज ऑफ गर्ल्सी को उक्ता अधिनियम के उद्देश्य से अनंतिम रूप से पांच वर्ष की अवधि के लिए "आईआईएस यूनिवर्सिटी" के नाम और शैली में "समविश्वविद्यालय संस्थान" के रूप में घोषित किया था।

3. और जबकि, आईआईएस यूनिवर्सिटी, जयपुर, राजस्थान के कार्य की यूजीसी द्वारा इसकी विशेषज्ञ समिति की सहायता से समीक्षा की गई थी। इसके अतिरिक्त,, केंद्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दिनांक 6 जुलाई, 2017 की अधिसूचना संख्या 9-6/2008-यू3(ए) खंड-1 द्वारा आईआईएस यूनिवर्सिटी, जयपुर, राजस्थान की समविश्वविद्यालय की स्थिति को उसके नाम से "यूनिवर्सिटी" शब्द को हटाकर "आईआईएस" के नाम में 02.02.2014 से 01.02.2019 तक बढ़ाया/निर्मित किया था। यह घोषणा निम्नलिखित अन्य' शर्तो के अध्यकधीन है:

i. सम-विश्वविद्यालय संस्था अपनी सोसायटी का भूमि स्वामित्वि, लेखा, संचित निधि आदि नये नाम अर्थात आईआईएस (सम-विश्वविद्यालय), जयपुर, राजस्थान में बदलेगा।

ii. सम-विश्वविद्यालय संस्थास यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा चिन्हित सभी कमियों को दूर करेगा और दिए गए सुझावों का पालन करेगा और यूजीसी को 6 माह के भीतर दस्तावेजी साक्ष्यों सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

iii. सम-विश्वविद्यालय के दर्जे को यूजीसी के परामर्श पर और उपर्युक्त शर्तों को पूरा करने के बाद आगे बढ़ाया जाएगा।

4. और यह भी जबकि, यूजीसी ने संस्थान की अनुपालन रिपोर्ट की जांच के बाद सूचित किया है कि संस्थान ने इस मंत्रालय की दिनांक 6 जुलाई, 2017 की अधिसूचना का आंशिक अनुपालन किया है।

5. अत: अब यूजीसी के परामर्श पर विचार करते हुए केंद्र सरकार एतदद्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईआईएस, जयपुर, राजस्थान की समविश्वविद्यालय को 02.02.2019 से 30.06.2020 तक इस शर्त पर कि वह अधिसूचना की शर्तों का अनुपालन करेगा और इस अधिसूचना के जारी होने से तीन माह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, बढ़ाती है। यह विस्तार/नियमितीकरण आगे इस शर्त पर है कि संस्थारन यूजीसी (समविश्वविद्यालय संस्थान) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानकों के आधार पर अपना प्रदर्शन और शैक्षिक प्राप्ति में सुधार करेगा।

6. आईआईएस जयपुर, राजस्थान द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का पालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-46/2008-यू3(ए) पार्ट.1—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह से अपनी दिनांक 10.07.2009 की अधिसूचना सं. 9-46/2008-यू3 (ए) के जरिए "इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलिअरी साइंसेस (आईएलबीएस), नई दिल्ली को उपरोक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ हेतु पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "समविश्वविद्यालय" घोषित किया था।

3. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 15-16 अक्तूबर, 2018 के दौरान आईएलबीएस, नई दिल्ली के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को 26.02.2019 को आयोजित अपनी 539वीं बैठक में आयोग के समक्ष पेश किया गया और इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प अग्रेषित किया गया:—

"आयोग ने यूजीसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर विचार किया और इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलिअरी साइंसेस (आईएलबीएस), नई दिल्ली को समविश्वविद्यालय दर्जा जारी रखने के लिए एमएचआरडी को सिफारिश करने का निर्णय लिया। विजिटिंग विशेषज्ञ समिति के सुझावों, यदि कोई हों, का समविश्वविद्यालय द्वारा 6 महीने की अवधि के भीतर समाधान किया जाएगा और अनुपालन रिपोर्ट दस्तावेजी साक्ष्य सहित यूजीसी को प्रस्तुत की जाएगी"

4. अत: अब, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार यूजीसी की सलाह पर एतदद्वारा 'इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलिअरी साइंसेस (आईएलबीएस), नई दिल्ली के समविश्वविद्यालय दर्जे को 10.07.2014 से आगे, इस शर्त के साथ कि संस्थान यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, विस्तार/नियमन करती है।

5. इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य् सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/विनियमों का 'इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलिअरी साइंसेस (आईएलबीएस), नई दिल्ली अनुपालन जारी रखा जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

दिनांक 6 मई 2019

सं. एफ. 9-19/2000-यू.3(ए) पार्ट.1—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर अपनी दिनांक 13.04.2006 की अधिसूचना सं. 9-19/2000-यू.3 के जरिए केएलई उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, बेलगाम कर्नाटक जिसमें (i) जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, बेलगाम और (ii) केएलई बीके इंस्टीट्युट ऑफ डेंटल साइंस शामिल हैं को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए समविश्वविद्यालय घोषित किया था।

3. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रि सरकार द्वारा दिनांक 20.02.2009 की अधिसूचना सं.9-19/2000-यू.3 के माध्यम से निम्नलिखित संस्थानों को इस शर्त के अध्यधीन केएलई उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, बेलगाम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लाया गया था कि केएलई उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, बेलगाम को समविश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने से संबंधी सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तनीय बनी रहेगी:

I. केएलई इंस्टीट्युट ऑफ नर्सिंग साइंस, बेलगाम

II. केएलई इंस्टीट्युट ऑफ फिजियोथैरेपी, बेलगाम

III. केएलई श्री बी.एम.के. आयुर्वेद महाविद्यालय, बेलगाम

IV. केएलई कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, बेलगाम

V. केएलई कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, हुबली

VI. केएलई कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, बैंगलोर

4. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी के परामर्श पर दिनांक 17.01.2017 की अधिसूचना सं.9-19/2000-यू.3 (ए) पार्ट-1 के माध्यम से केएलई उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, बेलागम के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 13.04.2011 से 12.04.2016 तक बढ़ाया था। इसके अतिरिक्त, केन्द्र् सरकार ने यूजीसी के परामर्श पर, दिनांक 02.07.2018 की अधिसूचना सं.9-19/2000-यू3(ए) पार्ट 1 के माध्यम से केएलई उच्चतर शिक्षा

और अनुसंधान अकादमी, बेलगाम के समवत विश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों के साथ 13.04.2016 से 12.04.2019 तक बढ़ा दिया था।

I. संस्था समविश्वविद्यालय के प्रबंधन हेतु एक पृथक एवं विशेष गैर लाभकारी सोसायटी/न्यास/कंपनी का निर्माण करेगी

II. संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिये गए परामर्शों के संदर्भ में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

5. अब, इसलिए, केन्द्र सरकार यूजीसी के परामर्श और संस्था की अनुपालन रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद् द्वारा केएलई उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, बेलगाम कर्नाटक के समवत विश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों के साथ 13.04.2019 से 18.01.2021 तक बढ़ाती है:

I. समवत विश्वविद्यालय संस्था राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग कार्यढांचा (एनआईआरएफ)/ राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की रैंकिंग/ग्रेडिंग में सुधार करेगी।

II. संस्था यूजीसी (समवत विश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार अपने प्रदर्शन और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करेगी।

6. केएलई उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, बेलगाम कर्नाटक द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व की अधिसूचना (ओं) साथ ही साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/विनियमों की सभी शर्तों का अनुपालन किया जाएगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ-9-21/2000-यू-3 (भाग-1)—जबकि, केंद्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्थान को सम विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने यूजीसी के परामर्श पर अपने दिनांक 20.06.2002 की अधिसूचना संख्या 9-21/ 2000-यू-3 के जरिए 'पद्मश्री डॉक्टर डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ, नेरुल, नवी मुंबई जिसमें (क) पद्मश्री डॉ. डी. वाई. पाटिल मेडिकल कॉलेज और (ख) पद्मश्री डॉ. डी. वाई. पाटिल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल शामिल हैं, को 5 वर्षों के पश्चात समीक्षा किए जाने की शर्त पर समवत विश्वविद्यालय घोषित किया था।

3. और जबकि, यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की सहायता से 11-13 अगस्त, 2017 के दौरान पद्मश्री डॉ. डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ, नेरुल, नवी मुंबई के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। आयोग द्वारा विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन दिनांक 04.09.2017 को इसकी 525 वीं बैठक में किया गया था। यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पद्मश्री डॉक्टर डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ, नेरुल, नवी मुंबई का समवत विश्वविद्यालय का दर्जा 20.06.2007 से 30.06.2019 तक इस शर्त के साथ बढ़ाया था कि प्रायोजक सोसायटी कानूनी रूप से पूरी चल और अचल परिसंपत्तियों को सम विश्वविद्यालय के नाम पर स्थानांतरित करेगी। यह घोषणा इस शर्त के भी अधीन थी कि सम विश्वविद्यालय संस्था नेशनल इंस्टीट्यूटनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में रैंक के माध्यम से अपने प्रदर्शन में सुधार करेगा और यूजीसी की विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

4. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी ने सूचित किया कि समवत विश्वविद्यालय संस्था ने उपरोक्त उल्लेखित शर्तों से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की।

5. अब, इसलिए, यूजीसी की सलाह पर विचार करते हुए, केन्द्र् सरकार यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए पद्मश्री डॉ. डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ, नेरुल, नवी मुंबई के समवत विश्वविद्यालय का दर्जा 01.07.2019 से 30.06.2020 तक निम्नलिखित शर्तों के साथ बढ़ाती है:

I. संस्था अधिसूचना की शर्तों का पालन करेगी और इस अधिसूचना के जारी होने से 3 माह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

II. संस्थान, यूजीसी (समवत विश्वविद्यालय) विनियम, 2019 में उल्लिखित मानकों के अनुसार अपने प्रदर्शन और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करेगी।

6. डॉ. डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ, नेरुल, नवी मुंबई द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व की अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्य. शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जायेगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ-9-64/2005-यू.3-(खंड-2)—जबकि, केंद्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्थान को सम विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर अपनी दिनांक 15.12.2006 की अधिसूचना संख्या 9-64/ 2005 यू.3 के जरिए चेन्नई गणितीय संस्थान, चेन्नई, तमिलनाडु को इसके संवद्ध विश्वविद्यालय से संवद्धता समाप्त होने की तारीख से 5 वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए नई श्रेणी के तहत सम विश्वविद्यालय घोषित किया था।

3. और जबकि, यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की सहायता से चेन्नई गणितीय संस्थान, चेन्नई, तमिलनाडु के कार्यकरण की समीक्षा 26-27 अक्टूबर, 2017 को की गई थी। केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर अपनी विशेषज्ञ समिति की समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा के तहत 3 दिनांक 8 जून, 2018 की अधिसूचना सं. 9-64/2005-यू.3 (खंड-2) के द्वारा चेन्नई गणितीय संस्थान, चेन्नई, तमिलनाडु को सम विश्वविद्यालय का दर्जा 15.12.2011 से 30.06.2019 तक इस शर्त के साथ बरकरार रखा है कि संस्था यूजीसी की विशेषज्ञ समिति द्वारा बताए गए सुझावों/कमियों पर कार्य करके अनुपालन रिपोर्ट भेजेगी तथा समय-समय पर संशोधित यूजीसी सम-विश्वविद्यालय संस्था विनियम 2016 के अनुसार अपने संगमज्ञापन/नियमों में संशोधन करेगी।

4. और यह भी जबकि, यूजीसी ने संस्था की अनुपालन रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद सूचित किया है कि संस्था ने इस मंत्रालय के दिनांक 8 जून, 2018 की अधिसूचना की शर्तों का पालन आंशिक रूप से किया है।

5. अत: अब, केंद्र सरकार यूजीसी की सलाह पर यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चेन्नई गणितीय संस्थान, चेन्नई, तमिलनाडु के सम- विश्वविद्यालय का दर्जा 01.07.2019 से 30.06.2020 तक इस शर्त पर बढाती है कि यह संस्थान इस अधिसूचना के जारी होने के 3 माह के भीतर उपर्युक्तर शर्तों का अनुपालन करेगा। यह विस्तार/विनियमितीकरण आगे इस शर्त के अधीन है कि संस्थान, यूजीसी (सम-विश्वविद्यालय) विनियम, 2019 के उल्लिखित मानकों के अनुसार अपने प्रदर्शन और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करेगा।

6. चेन्नई गणितीय संस्थान चेन्नेई, तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व की अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी शर्तों और समय-समय पर जारी यूजीसी और सांविधिक परिषदों के नियमों/विनियमों का पालन किया जाता रहेगा।

ईशिता रॉय
संयुक्त सचिव

सं. एफ. 9-42/2006-यू.3 (ए) खंड 2—जबकि, केंद्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह से, किसी उच्चतर शिक्षा संस्था को सम विश्व विद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर अपनी दिनांक 20.02.2009 की अधिसूचना सं.9-42/2006-यू3(ए) द्वारा 'कोनेरू लक्ष्मैया शिक्षा

प्रतिष्ठान, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश को कतिपय शर्तों के अध्यधीन, अनंतिम रूप से पांच वर्षों की अवधि के लिए, समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और जबकि यूजीसी ने अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से कोनेरू लक्षमैया शिक्षा प्रतिष्ठान, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश की कार्य पद्धति की समीक्षा की थी। केंद्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर दिनांक 11 जुलाई 2017 की अधिसूचना संख्या.9-42/2006-यू3(ए)खंड-2 के जरिए निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन 20.2.2014 से 19.2.2019 तक के लिए कोनेरू लक्षमैया शिक्षा प्रतिष्ठान, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश का समविश्वविद्यालय दर्जा बढ़ाया थाः

i. कोनेरू लक्षमैया शिक्षा प्रतिष्ठान 'विश्वविद्यालय' शब्द को, जहां कहीं भी प्रयोग किया जा रहा है, को 'सम-विश्वविद्यालय' शब्द से प्रतिस्थापित करेगा और यूजीसी (सम-विश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2016 के अनुसार, जो भी अपेक्षित हो, अन्य आवश्यक संशोधन करेगा।

ii. कोनेरू लक्षमैया शिक्षा प्रतिष्ठान यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिये गए सुझावों पर अमल करेगा और बताई गई सभी विसंगतियों को दूर करेगा और 6 माह की अवधि के भीतर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अनुपालन रिपोर्ट को यूजीसी के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

